पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-07 | वृहस्पतिवार, दिनांक-19 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-140 ग्रामीण कार्य विभाग को स्थानान्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-150 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 59 तारांकित प्रश्न अनागत ।

"तारांकित प्रश्न संख्या-146 के उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने एवं उनके द्वारा मांग किए जाने को ध्यान में रखकर आसन से घोषणा की गयी कि इस विषय पर मा० सदस्य द्वारा नियम-43 के तहत अनुरोध किये जाने पर चर्चा करायी जायगी ।"

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार एवं श्री तारकिशोर प्रसाद से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) मा० प्रभारी मंत्री श्री श्रवण कुमार द्वारा बिहार विद्युत विनियामक आयोग के कार्यालयों के संबंध में वित्तीय वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 (संयुक्त) का वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) मा० प्रभारी मंत्री श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2014 (अधिसूचना संख्या-3084, दिनांक-11.08.2014 एवं लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2014 (अधिसूचना संख्या-3085, दिनांक-11.08.2014) की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान कार्यस्थगन की सूचना अमान्य हो जाने के फलस्वरूप विपक्ष के मा० सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाकर बातों को कहें लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] **वित्तीय कार्य :-**

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श (दिनांक 18.03.2015 से जारी) :-

वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया-

(i) श्री चन्द्रमोहन राय
(ii) श्री ललन राम
(iii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(iv) श्री नितीन नवीन
(v) श्री डा० इजहार अहमद
(vi) श्री पवन कुमार जायसवाल
(vii) श्री रामाधार सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

मा० प्रभारी मंत्री, वित्त, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण सरकार के उत्तर पर विरोध प्रकट करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[5] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार दिनांक 20 मार्च 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-19.03.2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।